B.A. - II (CBCS Pattern) Semester-III

# BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 2 GUG/S/25/10058

Time : Three Hours * 0 4 8 2 * Max. Marks : 80

---

सुचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) "समय जिस तेजी से बदला है, हमारे विचार उस तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहे"। इस कथन की समीक्षा दौड़ उपन्यास के आधार पर कीजिए।

**अथवा**

आ) 'पवन' का चरित्र – चित्रण कीजिए।

**2.** निम्नलिखित **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों की संसदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

**समूह – 'क'**

क) यही है आज के जीवन की वास्तविकता, जिसे स्वीकारने में परम्पराओं में जकडी पीढ़ी की काफी समय लगेगा। जिस पीढ़ी के लिए बेटा सहारा होता है, वह पीढी बुढापा अकेले नहीं काट सकती। जो बहू को पारम्परिक रूप में देखने के आदि है वह उसके कैरियर को उद्वस्थ नहीं कर सकते। समय जिस तेजी से बदला है, हमारे विचार उस तेजी से आगे नहीं बढ़ा पा रहे है।

ख) अटैची में कपडे, आँखों में सपने और अन्तर में आकुलता लिए न जाने कहॉ-कहाँ से नौजवान लड़के नौकरी की खातिर इस शहर में आ पहूँचे है। बड़ी-बड़ी सर्विस इंडस्ट्री में कार्यरत से नवयुवक सबेरे नौ से रात नौ तक अथक परिश्रम करते है।

ग) अरे माँ आज के जमाने में स्त्री पुरूष का काम अलग अलग नही रहा है। आप तो पढ़ी लिखी हो माँ। समय की दस्तक पहचानों। इक्कीसवी सदी में ये सड़े-गले विचार लेकर नहीं चलना है हमें, इनका तपर्ण कर डालो।

घ) हम अपने बच्चों को कितना कम जानते हैं। उनके इरादे उनका गंतव्य, उनका संघर्ष पथ सब एकाकी होता है। राकेश ने सोचा। उनकी स्मृती में वह अभी भी लीला दिखाने वाला छोटा किशन कन्हैया था जबकि वह सूचना विज्ञान के ऐसे संसार में हाथ – पैर फटकार रहा था जिसके ओर-छोर समूचे विश्व में फैले थे।

**अथवा**

**समूह – 'ख'**

च) विज्ञापन की दुनिया खर्च और विक्री की दुनिया है। हम सपनों के सौदागर है जिसे चाहिए बाजार जाए, सपनों और उम्मीदों में भरी ट्यूब खरीद ले। वे विज्ञापनों का ही कमाल है कि हमारे तीन सदस्योंवाले परिवार में तीन तरह के ट्युथपेस्ट आते है।

छ) शहर और घर रहने से बसते हैं, बेटा। अब इतनी दूर एक अनजान जगह का तुमने अपना ठिकाना बनाया है। परायी भाषा, पहनावा और भोजन के बावजूद वह तुम्हे अपना लगने लगता होगा।

झ) कॉलोनी के फूरसत पसन्द बुजुर्गो की विशेषता थी कि वे हर काम मिशन की तरह हाथ में लेते। जैसे कभी उन्होंने अपने दफ्तरों में फाइले निपटाई होंगी वैसे वे एक-एक कर अपनी जिम्मेदारियाँ निपटाने मे लग गए। सिन्हा साहब ने कहा, “भई मैने तो एकादशी को गुडदान भी जीते जी कर लिया। पता नहीं अमित बम्बई से आकर यह सब करे या नहीं।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए। **15**

1) आदिकाल की पृष्ठभूमि स्पष्ट किजिए।

2) रासो काव्य परंपरा का आशय स्पष्ट किजिए।

3) आदिकाल की प्रवृत्तियाँ लिखिए।

4) पृथ्वीराज रासो का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) मलिक मुहम्मद जायसी का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।

2) रसखान की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

3) अमीर खुसरों का हिंदी साहित्य में योगदान स्पष्ट किजिए।

4) रैदास का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक कृतियों के नाम लिखिये।

**5.** निम्नलिखित सभी प्रश्नो के उत्तर लिखिए। **10**

1) आदिकाल के कवियों के नाम लिखिए।

2) दौड़ उपन्यास किस समस्या को लेकर लिखा गया है।

3) गुरूनानक देव किस धर्म के संस्थापक माने जाते है?

4) आदिकाल को किन – किन नामों से जाना जाता है।

5) स्टेला का परिचय दीजिए।

**********